कहीं पानी की किल्लत, तो कहीं बह रहा व्यर्थ पानी

धारनाकला नवभारत। जहां शासन की ओर से लाखो करोडो रूपये पेयजल को लेकर खर्च किये जा रहे है तथा ग्रामीण अचंलो मे शुद्ध पेयजल के लिये पानी टंकी का निर्माण करवाया गया और इसके संचालन का दायित्व पंचायतो को सौपा गया है किन्तु ठीक इसके विपरीत जवाबदारी के साथ पंचायत सही तरीके से पेयजल समस्या को लेकर सजग नही है जिसका उदाहरण जमीनी हकीकत मे देखा जा सकता है

ग्राम पंचायत धारनाकला मे लोगो तथा आम जन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इस दृष्टि से एक नही अपितु दो दो पानी टंकिया निर्मित है बावजूद इसके आज भी अनेको वार्ड तथा मुहल्ले मे पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है और महिलाऐ आज भी हेडपंप के भरोसे अपनी प्यास बुझाने के लिये मजबूर है

व्यर्थ बह रहा है पानी

जहा अनेको वार्ड तथा मोहल्ले मे शुद्ध पेयजल की सप्लाई नही है वही दूसरी तरफ गलियो मे पानी टंकी से सप्लाई पानी व्यर्थ मे गलियो मे बहता हुआ भी दिखाई दे रहा है जिसका मुख्य कारण लोगो के घरो मे दिये गये पानी सप्लाई के कनेक्शनो को जवाबदारो के द्वारा पूर्ण न करना है घर के सामने पानी सप्लाई के लिये नल के स्टेचू तो खडे कर दिये गये किन्तु कार्य पूर्ण नही किया गया जबकि राधे कृष्ण मंदिर के समीप नवीन पानी टंकी के निर्माण के साथ अनेको कार्य अधूरे पडे है जबकि पूरी जवाबदारी के साथ यह कार्य पंचायत को करना चाहिये किन्तु अब तक यह कार्य अधूरे पडे हुऐ है यही कारण है पानी टंकी से सप्लाई होने वाला पानी व्यर्थ मे गलियो मे बह रहा है वही दूसरी तरफ ग्राम के अधिकांश हिस्से मे लोगो के घरो तक पानी नही पहुच पा रहा है और आमजन पेयजल समस्या से जूझते नजर आ रहे है वैसे लोगो के घरो मे शुद्ध पेयजल की सप्लाई के लिये कर्म चारी के रूप दो दो दो नल चालक तैनात है तथा जिन घरो मे वर्तमान मे नल कनेक्शन लिये जा रहे है उनसे अमानत के तौर पर दो हजार रूपये भी वसूल किये जाते है इसके अतिरिक्त नल कनेक्शन के लिये खुदाई से लेकर सामग्री का भुगतान भी कनेक्शन धारी को करना पड रहा है किन्तु हजारो रूपये खर्च करने के बाद भी उसके घर मे पीने का पानी नही पहुच रहा है जबकि पेयजल समस्या को लेकर इसके पूर्व भी आवाज़ उठी है किन्तु जनपद बरघाट के आला अधिकारी कुंभकर्णी नीद मे सोये हुऐ है।

जिम्मेदारों का ध्यान नही

मंदिर में विराजेंगे खाटू वाले श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार, 15 से 17 जून तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

गुलाबी पत्थरों से बना भव्य मंदिर

सिवनी नवभारत। नागपुर रोड स्थित खैरी टेक क्षेत्र में बालाजी गुरुकुल स्कूल के सामने ऑरेंज सिटी कॉलोनी में खाटू वाले श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार के भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से पूर्णता की ओर है। राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से निर्मित यह मंदिर अपनी भव्यता और आकर्षक स्थापत्य के कारण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बनने जा रहा है।

श्याम परिवार समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन 15 से 17 जून 2026 तक तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में वास्तु पूजा, निशान यात्रा, कलश यात्रा, भजन संध्या, विशाल भंडारा, प्राण प्रतिष्ठा सहित विभिन्न आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इससे पूर्व 13 जून को प्रात: 9 बजे मठ मंदिर से विशाल श्याम मोपेड रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर में स्थापित की जा रही श्री श्याम बाबा की प्रतिमा जयपुर से विशेष रूप से मंगाई गई है, वहीं विशाल शिवलिंग भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।

समिति द्वारा बाहर से आने वाले भक्तजनों के लिए आवास की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। खाटू श्याम बाबा को 'हारे के सहारे' के रूप में पूजा जाता है और मान्यता है कि उनके दर्शन मात्र से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

श्याम परिवार समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस तीन दिवसीय पावन आयोजन में शामिल होकर तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करें। मंदिर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्रद्धालु समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं, जिनमें मनीष अग्रवाल (9425174704), संजय मोदी (7000711297), प्रकाश अग्रवाल (9424394277) और प्रतुल अग्रवाल (7000479031) शामिल हैं।

एक नजर में

शाश्वत शर्मा का कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

छपारा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में शाश्वत सुनील ज्योति शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम में 88.2त्नअंक अर्जित कर शानदार सफलता प्राप्त की है।शाश्वत शर्मा ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता हासिल की है।इनकी इस सफलता पर सभी शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

दसवीं में राही पटले ने किया टॉप

उगली। सिवनी जिले के विधानसभा की केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली मुख्यालय के शासकीय हाई स्कूल की छात्रा कुमारी राही पटले इन्होंने कक्षा दसवीं में 500 में से 489 अंक प्राप्त कर 97 .8 प्रतिशत के साथ अपने ब्लॉक में टॉप किया है,प्रदेश की टॉप टेन लिस्ट में शामिल होने पर कुमारी राही पटले ने निश्चित तौर पर अपने क्षेत्र का अपने विद्यालय का अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, कुमारी राही पटले एक सामान्य परिवार से पिता पेसे से टेलरिंग (मास्टर) हैं, और माताजी ग्रहणी आपके संस्कारों की छाप आपके बच्चों में होनहार प्रतिभा और सैद्धांतिक लग्न के साथ पढ़ाई में अव्वल प्रदर्शन कर उच्चतम अंक हासिल किया है, आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और शाला परिवार सभी मित्रों ने आपको शुभकामनाएं और आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया है.

भारती प्रदेश की प्राविण्य सूची में शामिल...

उगली। हायर सेकेंडरी मोहबर्रा की छात्रा कु.भारती ठाकरे एडीशनल गणित/ बायोलॉजी संकाय की हिंदी माध्यम की छात्रा,जिन्होंने सिवनी जिले के विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के अंतर्गत मोहबर्रा हायर सेकेंडरी स्कूल की होनहार 12वीं की छात्रा है, इन्होंने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में हायर सेकेंडरी उत्कृष्ट परीक्षा में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।

मठ कन्या शाला की माया सोनी का सुयश

सिवनी। स्थानीय मठ कन्या शाला की मेधावी छात्रा माया पिता राजेश सोनी ने कक्षा 12वी के परीक्षा परिणामो में 74.4 अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में कक्षा उत्तीर्ण की है। माया सोनी की इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों व शाला परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

गरिमा सोनी ने 12वीं में प्राप्त किए 88 .8 प्रतिशत

सिवनी। स्थानीय मठ कन्या शाला की मेधावी छात्रा गरिमा सोनी ने कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 88 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला व परिणाम का नाम गौरवान्वित किया है। शिवराम सोनी की सुपुत्री गरिमा की इस उपलब्धि पर शाला परिवार व परिजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

बहन आज मुझसे जुदा हो रही है : शहबाज

सिहोरा। तहसील लखनादौन के ग्राम सिहोरा में बीते दिन एक बेहद रूहानी और जज्बाती मंजर देखने को मिला। मौका था शहबाज रजा की बहन की शादी की पहली रस्म का, जिसकी शुरुआत सुन्नत-ए-करीमा के मुताबिक महफिल-ए-मिलाद के पाक आयोजन से हुई। इस महफिल की रूह और मरकजी कशिश शहबाज रजा रहे उन्होंने अपनी लाड़ली बहन की रुखसती के पुर-खुलूस मौके पर मशहूर शायर असद आजमी की मन्क़बत को अपनी मखमली और दर्द भरी आवाज में पेश किया। शहबाज के पढ़ने के सलीके और आवाज की तासीर ऐसी थी कि पंडाल में मौजूद हर शख्स की आंखें छलक उठीं। कार्यक्रम में तशरीफ लाए हुए बाहर के दिग्गज शायर भी शहबाज के इस फन और अदायगी पर दाद देने के लिए मजबूर हो गए। यह मुबारक मजलिस शहर काजी लखनादौन मौलाना हकीम मसूदी पेश इमाम सिहोरा हाफिज फिरोज आलम हाफिज अयूब रजा और मौलाना रशीद की जेरे-सरपरस्ती मार्गदर्शनमें मुकम्मल हुई। उलेमा-ए-किराम ने शहबाज की इस कामयाबी और उनके जज्बात की जमकर सराहना की।

उगली उपतहसील कार्यालय में पानी की किल्लत

उगली नवभारत। जिले की विधानसभा क्षेत्र विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली जहां पर राजस्व संबंधित निराकरण के केस, और भी अपराधों की पेशी होती है। इस भवन अंतर्गत नायब तहसीलदार साहिबा मैडम की उपस्थिति में प्रतिदिन कोर्ट खुलती है। इस कोर्ट में विगत एक माह से पेयजल की समस्या बाधित है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारण बोर की मोटर जल गई है, इसके संदर्भ में संबंधित विभाग से बात करने पर पता चला कि मोटर जल जाने की वजह से पेयजल की समस्या बाधित है, अत: इसका सीघ्र निराकरण किया जाएगा, लेकिन आज दिन तक उप तहसील उगली भवन की जली हुई मोटर का सुधार कार्य नहीं किया गया है, जिससे इस भीषण गर्मी में जल संकट का सामना वे ग्रामीण जो अपने भू राजस्व संबंधित केस के लिए उपस्थित होते हैं,दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है, उप तहसील परिसर में पदस्थ नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक जी भी इस और ध्यान नहीं दे रही है. नवागत कलेक्टर नेहा मीना जी जिन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व सिवनी जिले का पदभार संभाला है, जिन्हें उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आकर्षित करते हुए इस समस्या का शीघ्र निराकरण अपेक्षित है, कलेक्टर शीघ्र अपने सिवनी जिले में पेयजल की समस्याओं का निराकरण करेंगे ऐसी अपेक्षाएं हैं.

किसानों के साथ अन्याय कब तक : राजा बघेल

सिवनी नवभारत। इस साल जिले में गेहूं बेचने वाले किसानों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल के मुकाबले करीब 12 हजार ज्यादा किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, लेकिन उसके अनुसार व्यवस्थाएं बिल्कुल नाकाफी हैं। जिले में जहाँ लगभग 8 हजार बारदाना गठानों की जरूरत है, वहाँ अभी तक केवल 2500 गठानें ही उपलब्ध हो पाई हैं। मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने कहा है कि कई खरीदी केंद्रों और सोसायटियों में तो आज तक बारदाना पहुँचा ही नहीं है, और जो पुराने बोरे हैं उनकी हालत भी बेहद खराब है। किसानों की मेहनत, उनका पसीना और उनकी उम्मीदें—सब कुछ इस अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहा है। दूसरी तरफ विधायक दिनेश राय मुनमुन जी सिर्फ वीडियो बनाकर स्टंटबाज़ी और रीलबाज़ी करते नजर आ रहे हैं। जमीन पर काम कम और दिखावा ज्यादा हो रहा है। उनकी निष्क्रियता का खामियाजा आज सिवनी का किसान भुगत रहा है।

नवागत कलेक्टर का अभिनंदन, वारदाने की कमी दूर करने का आग्रह

सिवनी नवभारत। म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नवागत कलेक्टर नेहा मीना से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया और जिले के विकास व प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

स्वागत अभिनंदन के उपरांत कर्मचारियों ने बेहद विनम्रता के साथ जिले में जारी गेहूं उपार्जन की चुनौतियों पर चर्चा की। महासंघ ने कलेक्टर को जमीनी हकीकत से अवगत कराते हुए बताया कि कई केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी बनी हुई है। बारदाना उपलब्ध न होने से तुलाई का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि यदि समय रहते बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो जाए, तो उपार्जन केंद्रों पर किसानों को हो रही असुविधा को दूर किया जा सकता है। कलेक्टर नेहा मीना ने कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के माध्यम से उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वंशीलाल ठाकुर, मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर, प्रदीप शर्मा, मुकेश बघेल, विमलेश बघेल सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर के लिए मचा हाहाकार, थाने से बांटे गए सिलेंडर

कान्हीवाड़ा नवभारत। स्थानीय एचपी गैस एजेंसी की लचर व्यवस्था और गैस की किल्लत के चलते क्षेत्र में उपभोक्ताओं के बीच भारी असंतोष देखा जा रहा है। स्थिति इस कदर बिगड़ गई कि सिलेंडर वितरण के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ा और थाने के परिसर में गाड़ी खड़ी कर गैस सिलेंडर बांटे गए।

खींचातानी के बीच वितरण

बताया जा रहा है कि गैस की भारी कमी के कारण उपभोक्ताओं के बीच सिलेंडर लेने के लिए होड़ मची रही। वितरण के दौरान उपभोक्ताओं में काफी खींचातानी और अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस की मौजूदगी में जैसे-तैसे व्यवस्था संभाली गई, लेकिन फिर भी लोग अपनी बारी के लिए परेशान होते दिखे।

इस अव्यवस्था पर एचपी गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि ऊपर से ही पर्याप्त मात्रा में गैस की सप्लाई नहीं मिल रही है। स्टॉक कम होने के कारण उपभोक्ताओं की मांग पूरी करना मुश्किल हो रहा है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। वहीं दूसरी ओर, उपभोक्ताओं ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि- बुकिंग के 45 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मोबाइल पर डिलीवरी का ओटीपी प्राप्त होने के बावजूद एजेंसी चक्कर कटवा रही है। लंबे समय से घर में चूल्हा जलने में दिक्कत आ रही है।

सोमवारी चौक में गुंडागर्दी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, जेल भेजे गए

सिवनी नवभारत। कोतवाली पुलिस ने सोमवारी चौक क्षेत्र में राहगीरों का रास्ता रोककर पैसे मांगने और मारपीट करने वाले कुख्यात बदमाश पंकज गोदरे एवं उसके साथी बल्ले सरदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों पर राहगीरों से जबरन पैसे मांगने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने 14 और 15 अप्रैल को दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपी पंकज गोदरे पर पहले से मारपीट के 13 मामले दर्ज हैं और उसे पूर्व में जिला बदर भी किया जा चुका है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी सहित कोतवाली पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बरघाट में परशुराम जयंती 20 अप्रैल को

बरघाट। सर्वबर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट में परशुराम जयंती का आयोजन 20 अप्रैल को शारदा मंदिर शांति नगर बरघाट में आयोजन किया जा रहा है पूजन के पश्चात समाज के नवनिर्मित मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम वा सम्मान समारोह आयोजित होगा। संगठन मंत्री संजय तिवारी ने बताया की 12 अप्रैल को अध्यक्ष चंद्रप्रकाश उपाध्याय की अध्यक्षता में सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट की बैठक आयोजित की गई जिसमे संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में फैसला लिया गया की 19 अप्रैल को जिले में माननीय नरोत्तम मिश्रा जी का आगमन हो रहा है, जिनका सम्मान सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट द्वारा किया जावेगा। 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नगर के शारदा मंदिर शांति नगर बरघाट में भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन किया जावेगा.

डेजी शरणागत का सुयश

सिवनी नवभारत। सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सिवनी में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की छात्रा डेजी पिता अशोक कुमार शरणागत ने 91 प्रतिशत बनाये है। बेटी की इस सफलता पर शाला स्टॉफ व परिजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कंडक्टर के बेटे मोहम्मद दानिश ने 12वीं में टॉप किया

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं की परीक्षा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला मोहम्मद दानिश पिता उमर शाह ने 500 अंक में से 463 अंक प्राप्त कर 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि आपके पिता कुमार शाह प्राइवेट बस में परिचालक के रूप में कार्य करते हैं उक्त मेधावी छात्र के टॉपर आने पर शाला की प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे कक्षा शिक्षक सरिता दीक्षित एवं समस्त स्टाफ तथा नंदन ट्रेवल्स के संचालक चंद्रभान ठाकुर मैनेजर सुरेश चौधरी सुभाष ठाकुर एवं खेल विभाग की पूर्व जॉइन सेक्रेटरी श्रीमती मकसूद मिर्जा एवं सेवा निवृत एस बी मिर्जा ने उक्त बालक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है.

भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का शानदार परिणाम

विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

घंसौर नवभारत। क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल घंसौर में सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में हर्ष का वातावरण छा गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विशेष बात यह रही कि सिवनी जिले एवं घंसौर क्षेत्र में सबसे उत्कृष्ट परिणाम भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल घंसौर के विद्यार्थियों का ही रहा, जिससे विद्यालय ने पूरे जिले में अपना एक उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया और अपनी अलग पहचान स्थापित की। जिला स्तर पर विशेष उपलब्धि- कक्षा 10वीं में पूर्णिमा कश्यप ने 97.80त्न अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लोकेश बाकले ने 97.60त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं का समग्र प्रदर्शन रहा जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 21 विद्याथी शामिल है। शेष 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

कक्षा 12वीं के मेधावी छात्र

तनमय बाकले (Maths) – 93.60%

सुधांशु सरोते (Biology) – 85.40%

अंकुर शिवहरे (Commerce) – 87.40 %

संकायवार समग्र प्रदर्शन

गणित संकाय — सभी 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण, जीव विज्ञान संकाय — सभी 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण, कॉमर्स संकाय — सभी 11 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था और निरंतर मेहनत को दर्शाता है। विद्यालय के प्राचार्य मोहित ठाकुर ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इस उत्कृष्ट सफलता में विद्यालय के मोटिवेटर कुंवर शक्ति सिंह सिसोदिया द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रेरणादायक निर्देशन से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रोत्साहन मिला। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सराहना संस्था के प्रेसिडेंट अंशुल परिहार एवं वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती चित्रलेखा झाला ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। साथ ही विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों दीपक ठाकरे एवं इमरान अंसारी को विशेष इंक्रीमेंट (परितोषिक) देने के निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा शिक्षकों ने उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन कुल 110 आवेदकों में से 10 विद्यार्थियों को मिले ऑफर लेटर,शाला स्टॉफ ने जताया आभार

छपारा आईटीआई में कैंपस ड्राइव का हुआ आयोजन

छपारा नवभारत। नगर के एन एच 44 फोरलेन बायपास स्थित शासकीय आईटीआई में उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत युवाओं के लिए 16 अप्रैल दिन गुरुवार को आईटीआई परिसर में एक कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ सुबह 11ः00 बजे से प्रारंभ इस कैंपस ड्राइव में नूबिनो हेल्थकेयर प्रायवेट लिमिटेड मेहान, नागपुर द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कुल 110 आवेदक उपस्थित हुए। सभी आवेदकों का साक्षात्कार कंपनी अधिकारियों द्वारा लिया गया। प्रभारी प्राचार्य भूपेंद्र उइके ने बताया कि कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का मार्ग छात्रों के समक्ष रखा जाता है। इस अवसर पर उपस्थित कंपनी के अधिकारी चेतन ने कंपनी की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से बताया और इस आयोजन को छात्र हित में ठोस कदम बताया। कंपनी के एचआर निखिल जी ने कंपनी में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के विषय में प्रकाश डाला और अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया।

संस्था के टीपीओ हर्ष सोनी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयनित सभी 35चयनित उम्मीदवारों को 18 हजार प्रतिमाह के वेतन पर नागपुर में ही नियुक्ति दी जाएगी। जिनमें से 10 उम्मीदवारों को संस्था में ही त्वरित नियुक्ति हेतु ऑफर लेटर प्रदान किया गया। कैंपस ड्राइव में शामिल रामभरोस यादव ने बताया कि भविष्य के निर्माण के लिए यह एक सुनहरा कदम है। कार्यक्रम में छात्रों की जानकारी एकत्रित करने का कार्य क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया जिसका निर्वहन संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा पूर्ण तत्परता एवं लगन से किया गया, जिसके लिए कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा शास. आईटीआई छपारा प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में यशविन ठाकुर, राजकुमार सोयाम, सतीश सूर्यवंशी, संजय उइके, राकेश तिवारी, नीरज उइके, अंकुर छिपने, साक्षी डहेरिया, सृष्टि तिवारी,प्रतिभा सोनी, शालिनी उइके, पी डी नापित का विशेष सहयोग रहा।